संख्या..ए-20011/1(4)/2026-हिंदी
भारत सरकार/ Government of India
गृह मंत्रालय / Ministry of Home Affairs
समन्वय निदेशालय पुलिस बेतार
Directorate of Coordination Police Wireless

खण्ड सं-9 के.स.का परिसर/Block No.9, C.G.O., Complex,
लोधी रोड ,नई दिल्ली -3/Lodhi Road, New Delhi-3
दिनांक/Date:-05 जनवरी, 2026

## परिपत्र

**विषयः समन्वय निदेशालय पुलिस बेतार द्वारा वार्षिक गृह पत्रिका हेतु लेख/रचनाएँ आमंत्रित किए जाने के संबंध में।**

समन्वय निदेशालय पुलिस बेतार में हिंदी के प्रचार एवं प्रसार के साथ अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साहित्यिक अभिव्यक्ति, राजभाषा हिंदी के संवर्धन तथा सृजनात्मक प्रतिभा को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से एक वार्षिक गृह पत्रिका प्रकाशित किए जाने का निर्णय लिया गया है। इस संदर्भ में निदेशालय एवं सभी अंतर राज्य पुलिस बेतार केन्द्रों के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अनुरोध है कि वे अपनी मौलिक रचनाएँ / लेख/कविता/अनुभव आदि पत्रिका में प्रकाशित करने हेतु प्रेषित करें।

**सुझावित विषयः-** राजभाषा हिंदी, हिंदी लेखन राजभाषा कार्यान्वयन संबंधित अनुभव, कविता, कहानी, लघुकथा, निबंध, हास्य-व्यंग्य, यात्रा संस्मरण, प्रेरक प्रसंग, पुस्तक समीक्षा, संचार एवं वायरलेस प्रौद्योगिकी, तकनीकी लेख, समन्वय निदेशालय पुलिस बेतार के कार्यक्षेत्र से संबंधित विषय, संगठन के कार्य, परियोजनाएँ, उपलब्धियाँ या अनुभव आधारित लेख।

**रचनाएँ भेजते समय निम्न निर्देशों का पालन अनिवार्य हैः-**

1. प्रेषित लेख/रचना टाइप की हुई हो एवं Word/PDF प्रारूप में ईमेल द्वारा भेजी जाए। रचना पूर्णतः मौलिक एवं अप्रकाशित हो तथा इस संबंध में लेखक द्वारा ईमेल में ही एक संक्षिप्त घोषणा देना आवश्यक होगा कि लेख स्वयं द्वारा लिखा गया है और पूर्व प्रकाशित नहीं है।
2. अंग्रेजी या हिंदी दोनों भाषाओं में लेख स्वीकार्य होंगे, परंतु हिंदी को प्राथमिकता दी जाएगी।
3. ईमेल में लेखक का नाम एवं पदनाम सहित पासपोर्ट साइज फोटो JPEG में संलग्न करना अनिवार्य होगा। साथ ही पत्रिका में उपयोग हेतु कार्यालय/केन्द्रों में आयोजित कार्यक्रमों, उपलब्धियों, गतिविधियों अथवा विशेष अवसरों की स्पष्ट फोटोग्राफ्स (JPEG format में) भी प्रेषित की जा सकती है जिन्हें उपयुक्त पाए जाने पर प्रकाशन में शामिल किया जाएगा।
4. सरकार, धर्म, जाति, राजनीति, आलोचना या किसी भी प्रकार के संवेदनशील विषय पर आधारित सामग्री स्वीकार नहीं की जाएगी।
5. पत्रिका में प्रकाशन हेतु अंतिम चयन संपादकीय समिति द्वारा किया जाएगा जिनका निर्णय अंतिम होगा।



अभिषेक यादव
05/01/2026

**रचना भेजने की अंतिम तिथि 20-01-2026 है।** कृपया रचना ईमेल ad-officiallanguage@dcpw.gov.in पर भेजें। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपेक्षा है कि वे उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपनी रचनाएँ एवं गतिविधियों से संबंधित फोटोग्राफ्स भेजकर पत्रिका को समृद्ध और सफल बनाने में सहयोग प्रदान करेंगे।

यह निदेशक महोदय के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

अभिषेक यादव
05/01/2026

(अभिषेक यादव)
सहायक निदेशक (राजभाषा)
ईमेल- ad-officiallanguage@dcpw.gov.in

**प्रतिलिपिः-**

1. निदेशक महोदय के निजी सचिवः कृपया सादर सूचनार्थ।
2. अपर निदेशक (I) के निजी सहायकः कृपया सादर सूचनार्थ।
3. अपर निदेशक (II) के निजी सहायक : कृपया सादर सूचनार्थ।
4. निदेशालय के सभी संयुक्त निदेशक/ उप निदेशक ।
5. सभी अनुभाग अधिकारी/लेखा अधिकारी, स.नि.पु.बे. ।
6. प्रभारी, केन्द्रीय पुलिस रेडियो प्रशिक्षण संस्थान, वंदे मातरम मार्ग, नई दिल्ली।
7. प्रभारी, पोलनेट हब, समन्वय सदन, सिरी फोर्ट रोड़, नई दिल्ली।
8. सभी अंतर राज्य पुलिस बेतार केंद्र प्रभारीः विभाग की वेबसाईट के माध्यम से।
9. सभी अधिकारी/कर्मचारी को विभाग की वेबसाईट के माध्यम से।
10. सूचना व प्रौधोगिकी अनुभाग - स. नि. पु. बे. की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु ।